जालंधर में स्कूल बस की ट्रक से टक्कर, 11 बच्चों की मौत

Monday, 04 March 2013 10:41

जालंधर। जालंधर के नकोदर क्षेत्र के जहीर गांव में एक स्कूल बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में बस में सवार 11 बच्चों की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक :डी: राजेंद्र सिंह ने बताया कि सात बच्चों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और चार बच्चों की मौत अस्पताल में हुई।

पुलिस अधीक्षक :डी: राजेंद्र सिंह ने बताया कि हादसा सुबह आठ बजे उस समय हुआ जब बस स्कूली बच्चों को लेकर अकाल एकेडमी जा रही थी।

बताया जाता है कि बस में करीब 30 बच्चे सवार थे। रास्ते में यह एक ट्रक से टकरा गई जिसमें ईंटें भरी थीं।

हादसे वाली जगह को दुर्घटना संभावित क्षेत्र बताया जाता है।

घायल छात्रों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

1 / 1